समाचार

जल भराव की बरसों पुरानी समस्या होगी दूर

(बुधवारी से शारदा विहार तक हो रहा नाला निर्माण, महापौर, आयुक्त, सभापति ने किया कार्य का निरीक्षण, कार्यो में गति लाने के दिए निर्देश)

कोरबा 05 दिसम्बर 2020 –बिसाहूदास महंत उद्यान के समीप मुख्य मार्ग पर होने वाले जलभराव की बर्षो पुरानी समस्या से अब मुक्ति मिलेगी। बुधवारी से शारदा विहार तक नाले का निर्माण निगम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने एम.आई.सी.सदस्य श्री संतोष राठौर व अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्व. बिसाहूदास महंत उद्यान के सामने वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव होने की बर्षो पुरानी समस्या है, ज्यादा बारिश होने पर पानी की समुचित निकासी नहीं हो पाती तथा सड़क पर दो से तीन फुट तक पानी भर जाता है, इस समस्या को दूर करने के लिए जिला खनिज न्यास मद से नाला निर्माण का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी व आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के साथ उक्त प्रगतिरत नाला निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं नाले का स्लोप मेंनटेन करने के निर्देश दिए ताकि जल की निकासी निर्वाध रूप से हो। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में गति लाएं तथा आगामी वर्षा ऋतु के पहले ही कार्य को पूरा करें ताकि बरसात के दौरान पुनः जलभराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। बुधवारी से शारदा विहार तक निर्मित होने वाले उक्त नाले की लंबाई कुल 02 किलोमीटर है, नाला का निर्माण दो भागों में किया जाना हैं, 01 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से 01 किलोमीटर लंबे नाले का निर्माण प्रारंभ हो चुका है, वहीं दूसरे भाग में 01 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से 01 किलोमीटर लंबे नाले के निर्माण हेतु निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, शीघ्र ही उक्त कार्य भी प्रारंभ होगा।